दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K&K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-105 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 31 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## दिल्ली में पाकिस्तानी आईएसआई से जुड़े दाऊद इब्राहिम के 9 गुर्गे गिरफ्तार, हमले की योजना नाकाम

नईदिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से संबंध रखने वाले 9 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी मुंबई के भगोड़े अंडरवर्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़े हैं। इनको दिल्ली में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने इनके पास से हथियार और पाकिस्तान से भेजा गया विस्फोटक बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए संदिग्ध दिल्ली, मुंबई, पंजाब समेत विदेश से हैं।

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद इन्हें अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया है। इनकी दिल्ली समेत अन्य शहरों के बड़े



पावर प्लांट, न्यूक्लियर प्लांट, बिजली घर, हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशनों को निशाना बनाने की साजिश थी। पुलिस ने बताया कि विदेशों से संचालित आतंकी सरगना भारत में अपने गुर्गों की भर्ती, उन्हें कट्टरपंथी बनाने के लिए एन्क्रिप्टेड ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और स्थानीय स्लीपर नेटवर्क का उपयोग कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पकड़े गए आतंकी नेटवर्क का एक हिस्सा दाऊद इब्राहिम और दूसरा हिस्सा पाकिस्तान में बैठे शहजाद भट्टी की ओर से संचालित किया जा रहा था। दिल्ली समेत अन्य शहरों को दहलाने की साजिश का मास्टरमाइंड ISI को बताया जा रहा है। बता दें कि पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने जमीनी स्तर पर खुफिया जानकारी जुटाने और उभरते खतरों की पहचान के लिए राजधानी के प्रत्येक पुलिस थाने में समर्पित आतंकवाद विरोधी इकाइयों गठित की है।

### राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव का प्रतीक बन रहा लखनऊ : राजनाथ

लखनऊ,(ए.)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ शनिवार को लखनऊ के सीजी सिटी में नौ करोड़ की लागत से निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव का प्रतीक बन रहा है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि नौसेना शौर्य वाटिका लखनऊ के लिए एक प्रेरणा स्थल और लखनऊ की पहचान बनेगा। यह शौर्य वाटिका केवल बनावट का नमूना भर नहीं है यह हमें सेनाओं के संघर्ष और योगदान को स्मरण कराएगी।

## सोनारपुर में अभिषेक पर खतरनाक हमला, कपड़े फाड़े

### पत्थर-अंडे फेंके, हेलमेट पहनाकर बचाया



कोलकाता, (आरएनएस)। सोनारपुर के कमागाजी में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमला हुआ है। चुनाव के बाद हिंसा के पीड़ितों से मिलने पहुंचे टीएमसी नेता पर प्रदर्शनकारियों ने कच्चे अंडे फेंके और उनके साथ मारपीट की। स्थिति बिगड़ने पर सुरक्षाकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाई. उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए तुरंत हेलमेट पहनाय गया लेकिन इसके बाद भी उनपर मुक्के से वार किया गया। हालात बिगड़ते देख और सुरक्षा घेरे के बीच वहां से अभिषेक बनर्जी को निकाला गया। इससे पहले अभिषेक पर घूंसे बरसाए और कपड़े तक फाड़ दिए। स्थिति इतनी बेकाबू हो गई कि टीएमसी सांसद को खुद की सुरक्षा के लिए क्रिकेट खेलने वाला हेलमेट पहनना पड़ा। इस दौरान भीड़ की तरफ से उन पर लगातार अंडे और जूते फेंके गए और (चोर-चोर) तथा गो बैक के नारे लगाए गए। आज अभिषेक बनर्जी का कार्यक्रम चुनाव बाद हुई हिंसा में मारे गए कार्यकर्ताओं के परिवारों से मिलने का था। वे कोलकाता के बेलेघाटा होते हुए दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर जा रहे थे। रास्ते में उनके कालीघाट स्थित आवास पर सीआईडी ने उन्हें नोटिस भी थमाया था। सोनारपुर पहुंचने से पहले ही पाटुली के ढलाई ब्रिज से लेकर कमराबाद तक भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाएं हाथों में काले झंडे और अंडे लेकर खड़ी थीं। भारी विरोध प्रदर्शन और रास्ता ब्लॉक होने के कारण अभिषेक बनर्जी अपनी चार पहिया गाड़ी से उतर गए और एक कार्यकर्ता की मोटरसाइकिल (बाइक) पर सवार होकर आगे बढ़ने लगे। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनकी बाइक को घेर लिया। जैसे ही अभिषेक बनर्जी बाइक से सोनारपुर के भीतर दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे, प्रदर्शनकारियों ने उन पर शारीरिक हमला कर दिया।

## प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, आंधी-बारिश से मिली राहत, कई जिलों में गिरे ओले

भोपाल(आरएनएस)। नौतपा की भीषण गर्मी के बीच मध्य प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर, भोपाल, उज्जैन, धार, देवास, गुना, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, शाजापुर, सीहोर, रायसेन, शिवपुरी, डिंडौरी, मंदसौर, रतलाम, राजगढ़ सहित 26 से अधिक जिलों में शुक्रवार रात से शनिवार तक आंधी, बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि दर्ज की गई। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में 2 से 12 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई है और लोगों को भीषण गर्मी व लू से राहत मिली है।

मौसम विभाग ने 31 मई से 2 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज आंधी, गरज-चमक, बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। राजधानी भोपाल में शनिवार सुबह से बादलों ने



डेरा डाले रखा, जिससे गर्मी से थोडी राहत मिली। वहीं छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा और परासिया क्षेत्र में तेज बारिश के साथ ओले गिरे।इंदौर में शनिवार सुबह से आसमान बादलों से घिरा रहा। कई क्षेत्रों में रिमझिम बारिश और बूंदाबांदी हुई, जबकि ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। पिछले 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 41 डिग्री से घटकर 39 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। नौतपा की शुरुआत से उमस और तेज गर्मी से परेशान लोगों को इस बदलाव से राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में अगले एक-दो दिन तक ऐसा ही मौसम बना रह सकता है।मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में टीकमगढ़ में सवा इंच, दतिया में आधा इंच और नौगांव में पौन इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा ग्वालियर, इंदौर, धार, गुना, रतलाम, उज्जैन, दमोह, खजुराहो, रीवा, सागर, सतना, उमरिया, खरगोन, शिवपुरी, डिंडौरी, मंदसौर, खंडवा, शाजापुर, देवास, झाबुआ, मुरैना और श्योपुर समेत कई जिलों में बारिश हुई।

## एक भी परीक्षा ईमानदारी से नहीं करा सके और दावे विश्वगुरु के

### -नीट मामले को लेकर राहुल गांधी ने केंद्र पर किया हमला

नई दिल्ली,(ए.)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द मामले को लेकर केंद्र सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कि नीट, सीबीएसई, एसएससी और सीयूईटी जैसी प्रमुख परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही समस्याएं देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने कहा कि एक भी परीक्षा ईमानदारी से नहीं करा सके हैं और दावे विश्वगुरु के किए जा रहे हैं।कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि नीट, सीबीएसई, एसएससी और आज सीयूईटी, चार परीक्षाएं और एक करोड़ बच्चे। एक भी ईमानदारी से नहीं हो पाईं। दावे विश्वगुरु के, लेकिन देश में एक परीक्षा भी नहीं करवा सकते- मोदी जी ने पूरी शिक्षा व्यवस्था तबाह कर दी है। राहुल गांधी ने आगे कहा, जिस पीढ़ी का भविष्य आप बर्बाद कर रहे हैं- वही पीढ़ी आपका हिसाब करेगी।

## चिलचिलाती धूप व गर्मी में खुले मैदान में जरांगे का अनशन फिर शुरु

### -महाराष्ट्र सरकार पर बढ़ा दबाव, मंत्री पाटिल 400 किमी दूर मनाने पहुंचे

मुंबई,(ए.)। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने शनिवार को जालना जिले में भीषण गर्मी के बीच अपना नौवां



अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया, जिससे आरक्षण के मुद्दे पर राज्य सरकार पर दबाव और बढ़ गया। अंतरवाली सराटी गांव में आंदोलन शुरू होते ही मराठा आरक्षण मंत्रिमंडलीय उप-समिति के अध्यक्ष और मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल वहां पहुंचे आौर जरांगे से बात कर उन्हें आंदोलन वापस लेने का प्रयास किया।

मुंबई से करीब 400 किलोमीटर दूर स्थित अंतरवाली सराटी गांव में जरांगे ने भीषण गर्मी के बावजूद बिना किसी टेंट या छाया के खुले मैदान में अनशन शुरू किया। जरांगे सरकार से बार-बार कहते रहे हैं कि वह मराठा समुदाय की ''अग्निपरीक्षा'' न ले। उन्होंने यह भी संकल्प जताया कि उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### बीरभूम में बालू कारोबारी के घर मिला नोटों का पहाड़ व सोना

बीरभूम,(आरएनएस)। जिले के मोहम्मद बाजार थाना क्षेत्र के राजधरपुर में एक रसूखदार बालू कारोबारी व एक तृणमूल नेता के करीबी लवन शेख के ठिकानों पर जिला पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी यानी नोटों का पहाड़ बरामद हुआ है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके और राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। तलाशी के दौरान घर व कार्यालयों के अलग-अलग हिस्सों और लॉकरों से 500 रुपये के नोटों के भारी-भरकम बंडल बरामद किए गए। बरामद रकम इतनी बड़ी है कि नोटों को गिनने के लिए बैंक अधिकारियों और मशीनों को मंगवाना पड़ा। पुलिस के दावों के अनुसार, मुख्य आरोपी का नाम लवण शेख है, जो लंबे समय से इलाके में बालू के कारोबार से जुड़ा हुआ है। जब पुलिस ने उसके घर से सटे दफ्तर की सघन तलाशी ली, तो वहां से कुल 49 लाख 75 हजार रुपये की भारी-भरकम नकदी बरामद हुई। इसके अलावा, तलाशी के दौरान 502 ग्राम (लगभग आधा किलो) सोने के गहने भी जब्त किए गए हैं।

## चारधाम यात्रा में उमड़ी रिकॉर्डतोड़ भीड़, केदारनाथ-बदरीनाथ रूट पर लगा 13 KM लंबा जाम

देहरादून (ए.)। उत्तराखंड में इन दिनों चल रही पवित्र चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने से स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण हो गई है। मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी और स्कूलों में छुट्टियां शुरू होने के कारण रिकॉर्डतोड़ संख्या में तीर्थ यात्री और पर्यटक उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। इस भारी भीड़ की वजह से केदारनाथ और बदरीनाथ दोनों ही यात्रा रूटों पर गाड़ियों का चक्का जाम हो गया है। जोशीमठ से लेकर बदरीनाथ हाईवे तक कई किलोमीटर लंबा महाजाम लगा हुआ है, जिससे पैदल मार्ग से लेकर मुख्य हाईवे तक गाड़ियां रेंगने को मजबूर हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगाए गए 'गेट सिस्टम' की वजह से गाड़ियों की कतारें और ज्यादा लंबी होती जा रही हैं।

### बदरीनाथ हाईवे पर 13 किलोमीटर लंबी कतारें

जाम की यह भयावह स्थिति केवल वीआईपी वाहनों या केवल हाईवे तक सीमित नहीं है, बल्कि केदारनाथ यात्रा के



पैदल रूट पर भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से पैदल चलने वालों का भी जाम लग गया है। वहीं दूसरी तरफ, जोशीमठ-बदरीनाथ हाईवे की तस्वीरें बेहद डराने वाली हैं, जहां वाहनों की कई किलोमीटर लंबी हेडलाइट्स और कतारें देखी जा सकती हैं।आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, जोशीमठ से बद्रीनाथ धाम की तरफ लगभग 6 किलोमीटर और जोशीमठ से ऋषिकेश की तरफ हेलंग तक लगभग 7 किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। यानी कुल मिलाकर इस पूरे पैच पर करीब 13 किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है, जिसमें हजारों श्रद्धालु घंटों फंसे रहने को मजबूर हैं।

### मैदानी इलाकों में 48 डिग्री तक पहुंचा पारा

इस रिकॉर्डतोड़ भीड़ और महाजाम के पीछे दो सबसे मुख्य कारण सामने आ रहे हैं। पहला कारण यह है कि देश के अधिकांश राज्यों में गर्मियों की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं, जिससे लोग सपरिवार यात्रा पर निकल पड़े हैं। दूसरा और सबसे बड़ा कारण यह है कि इस वक्त उत्तर और मध्य भारत के मैदानी क्षेत्र भीषण लू और जानलेवा गर्मी से तप रहे हैं।मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री से लेकर 48 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है, जिससे बचने के लिए और ठंडी हवाओं के बीच छुट्टियां मनाने के लिए श्रद्धालु और पर्यटक भारी संख्या में उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों का रुख कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की इस अप्रत्याशित आमद के कारण पर्वतीय मार्गों की क्षमता कम पड़ गई है, जिससे प्रशासन को ट्रैफिक संभालने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।




## नोटिस पर भड़कीं राबड़ी देवी, बोलीं- नहीं खाली करुंगी सरकारी घर, दम है तो फोर्स बुलाकर बाहर निकालो



पटना (ए)। हार के सियासी गलियारे से इस वक्त की एक बहुत बड़ी और सनसनीखेज खबर सामने आ रही है, जिसने पटना से लेकर दिल्ली तक की राजनीति में भूचाल ला दिया है। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (RJD) की कद्दावर नेता राबड़ी देवी को पटना के अति-सुरक्षित और वीआईपी इलाके में स्थित प्रसिद्ध '10 सर्कुलर रोड' का सरकारी आवास तुरंत खाली करने का कड़ा प्रशासनिक नोटिस जारी किया गया है। सरकार के इस आदेश की कॉपी मिलते ही पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने नीतीश सरकार को बेहद तल्ख लहजे में खुली चुनौती दे डाली है। राबड़ी देवी ने साफ शब्दों में कह दिया है कि मैं यह बंगला किसी भी कीमत पर खाली नहीं करूंगी, सरकार में दम है तो फोर्स बुलाए और मुझे जबरन बाहर निकाल कर दिखाए।दरअसल, बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी यह वीआईपी बंगला अब राज्य सरकार के नए पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री नंद किशोर राम को आवंटित कर दिया गया है। बिहार सरकार के इस ताबड़तोड़ प्रशासनिक कदम के बाद सूबे की सियासत में एक बार फिर से जुबानी जंग और तनातनी तेज हो गई है। आरजेडी इसे बदले की राजनीति बता रही है, वहीं सत्ता पक्ष इसे नियमों के तहत की गई कार्रवाई करार दे रहा है।

दो दशकों के ऐतिहासिक राजनीतिक ठिकाने का होने जा रहा अंत

बिहार सरकार द्वारा जारी इस बेदखली नोटिस के साथ ही राजधानी पटना के उस प्रवास का अंत होने जा रहा है, जिसने पिछले दो दशकों से इस बंगले को पूरे बिहार के सबसे बड़े और सबसे चर्चित राजनीतिक पावर सेंटर में बदल कर रख दिया था। पटना का '10 सर्कुलर रोड' दशकों से लालू प्रसाद यादव के परिवार और राबड़ी देवी का आधिकारिक पता रहा है, जहां से आरजेडी अपनी तमाम बड़ी राजनीतिक रणनीतियां तय करती आई है।

आपको बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है जब इस बंगले को लेकर रार मची हो। इससे पहले पिछले साल नवंबर 2025 में भी नीतीश सरकार ने राबड़ी देवी को इसी सरकारी आवास को खाली करने का अल्टीमेटम भरा नोटिस थमाया था, लेकिन तब विपक्षी दलों के भारी विरोध और राजनीतिक समीकरणों के चलते यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। अब 2026 में नए सिरे से जारी इस सख्त नोटिस के बाद यह कानूनी और प्रशासनिक लड़ाई पूरी तरह से एक बड़े राजनीतिक संग्राम में तब्दील हो चुकी है।

## 'भगवान के सामने मंत्री और आम आदमी सब बराबर', मंदिरों में VIP दर्शन पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल

चेन्नई (ए.)। भारत में लगभग हर छोटे-बड़े प्रसिद्ध मंदिर में वीआईपी (VIP) दर्शन के लिए एक अलग लाइन या विशेष पास की व्यवस्था होती है। कुछ तय रकम या टिकट के पैसे देने के बाद कोई भी व्यक्ति घंटों लंबी लाइनों से बचकर सीधे भगवान के गर्भगृह



तक दर्शन के लिए पहुंच जाता है। हालांकि, पैसे और रसूख के दम पर मिलने वाली इस विशेष सुविधा पर समय-समय पर सवाल भी उठते रहे हैं। ऐसा ही एक गंभीर मामला अब मद्रास हाई कोर्ट की चौखट पर पहुंचा है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हाई कोर्ट ने मंदिरों में पैसे और वीआईपी दर्जे के आधार पर दी जाने वाली इस विशेष सुविधा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। माननीय अदालत ने दोटूक शब्दों में कहा कि भगवान के दरबार में कोई मंत्री हो या आम आदमी, उनमें कोई भेद नहीं हो सकता। ईश्वर के सामने सभी इंसान बराबर हैं, ऐसे में मंदिरों के भीतर वीआईपी दर्शन की इस कुप्रथा का कोई औचित्य नहीं है।'लाइव लॉ' की रिपोर्ट के मुताबिक, मद्रास हाई कोर्ट के जस्टिस जी आर स्वामीनाथन और जस्टिस लक्ष्मीनारायणन की खंडपीठ (बेंच) ने इस मामले की सुनवाई के दौरान बेहद तीखे सवाल उठाए। अदालत ने मंदिरों में वीआईपी दर्शन की प्रथा पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या भगवान के सामने किसी रसूखदार मंत्री और एक आम नागरिक में कोई फर्क है? कोर्ट ने कड़े लहजे में कहा कि दर्शन के लिए कोई भी प्रशासनिक प्रक्रिया तय की जाए, लेकिन उससे मंदिर की कतारों में खड़े आम श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी या मानसिक ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए।

